कोटद्वार, गुरूवार
1 जनवरी 2026
वर्षः 48
अंकः 222 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी नववर्ष की शुभकामनाएं

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की है।

अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की अब तक की विकास यात्रा उपलब्धियों से परिपूर्ण रही है। राज्य की विकास यात्रा संघर्ष, समर्पण और प्रगति की एक प्रेरक गाथा को प्रस्तुत करती है। राज्य आंदोलन के मूल में उत्तराखण्ड के समग्र एवं संतुलित विकास की अवधारणा निहित रही है। इसी भावना को मूर्त रूप देने के लिए पारदर्शिता, जन-सहभागिता एवं नई कार्यसंस्कृति के साथ विकास की एक नई गाथा लिखने की उल्लेखनीय पहल की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र आर्थिक विकास के प्रयासों के साथ-साथ प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण, पर्यटन, खेती, बागवानी एवं पशुपालन जैसे संभावनाशील क्षेत्रों में किए गए अभिनव और दूरगामी प्रयासों से प्रदेश को देश में एक अलग पहचान मिली है। विकास के प्रति हमारे संकल्पों का ही परिणाम है कि आज देश के अन्य राज्य भी उत्तराखण्ड की नीतियों एवं कार्यक्रमों का अनुसरण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन-अपेक्षाओं के अनुरूप सुनियोजित एवं त्वरित विकास की दिशा एवं दशा तय करने में सरकार न केवल सफल रही है, बल्कि अनेक क्षेत्रों में राज्यहित से जुड़े कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में अपेक्षा से अधिक सफलता भी प्राप्त हुई है।

### नशीली दवाईयों के साथ मेडिकल स्टोर संचालक गिरफ्तार

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र के पीठ बाजार में पुलिस और ड्रग्स विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक मेडिकल स्टोर से नशीली और प्रतिबंधित दवाइयों के साथ बरामद से मेडिकल स्टोर संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि 30 दिसंबर को को सूचना मिली थी कि पीठ बाजार स्थित एक मेडिकल स्टोर पर अवैध रूप से प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर ड्रग इंस्पेक्टर हरीश सिंह और ड्रग इंस्पेक्टर मेघा के साथ पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारा। मेडिकल स्टोर पर परवेज निवासी मोहल्ला पांवधोई, ज्वालापुर मौजूद मिला। तलाशी में बड़ी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप, ट्रामाडोल, एलप्राजोलम, क्लोनाजेपाम, एटिजोलम समेत नशे में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां बरामद की गईं। पूछताछ में सामने आया कि दवाइयों का कोई वैध क्रय–विक्रय रिकॉर्ड नहीं था। बताया कि मौके से 44 बोतल कोडीन सिरप, 190 स्पास्मो कैप्सूल, 14 स्पासनोवा कैप्सूल, 37 अल्ट्रासेट टैबलेट, 70 क्लोनाफिट, 43 एलप्राजोलम, 20 लॉराजेपाम और 10 एटिजोलम टैबलेट आदि बरामद की गईं। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सहारनपुर निवासी विकास नाम के व्यक्ति से दवाइयां मंगवाता था। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### टायर फटने से फ्लाईओवर की दीवार से टकराया ट्रक , हादसा टला

हरिद्वार। प्रेमनगर चौक स्थित हाईवे के फ्लाईओवर पर सुबह बड़ा हादसा होने से टल गया। सुबह ईंटों से भरे ट्रक का टायर फटने से ट्रक फ्लाईओवर की दीवार से टकरा गया। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई और ट्रक फ्लाईओवर से नीचे नहीं गिरा। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई थी। बाद में ट्रक की ईंटें अन्य ट्रक में भरी गई और ट्रक को मरम्मत के लिए ले जाया गया। बुधवार की सुबह लगभग पांच बजे क्षेत्र में घना कोहरा हो गया था। ईंटों से भरा एक ट्रक मंगलोर से ऋषिकेश जा रहा था। चालक मनीष ने बताया कि प्रेमनगर चौक फ्लाईओवर के बाद जब ट्रक नीचे उतर रहा था तब अचानक ट्रक का एक टायर फट गया और ट्रक अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गया। जिसके कारण ट्रक का टायर निकल गया और ट्रक भी सड़क पर बैठ गया। दीवार के साथ साथ ट्रक का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक में चालक सहित तीन लोग थे और सभी सुरक्षित हैं।

# जब फैसले समय पर होते हैं तो जवाबदेही तय होती है– मोदी

### बैठक में विकसित भारत बनाने का दिया मंत्र



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधारों का मतलब प्रक्रियाओं से आगे बढ़कर समाधान तक पहुंचना है। उन्होंने जोर दिया कि प्रक्रियाएं सरल हों, जीवन और कारोबार में आसानी बढ़े और सिस्टम ज्यादा अनुकूल बने। क्रियान्वयन में समय, लागत और गुणवत्ता तीनों पर समान ध्यान जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रगति के जरिए परिणाम आधारित शासन को मजबूती मिली है और अब इसे और गहराई तक ले जाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने प्रगति को पिछले दस वर्षों में भारत की शासन संस्कृति में आए गहरे परिवर्तन का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जब फैसले समय पर होते हैं, समन्वय मजबूत होता है और जवाबदेही तय होती है, तो सरकारी कामकाज की रफ्तार अपने आप बढ़ती है और उसका सीधा असर नागरिकों के जीवन में दिखता है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रगति सिर्फ एक समीक्षा बैठक नहीं, बल्कि टीम इंडिया की भावना और सहकारी संघवाद का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने सड़क, रेल, बिजली, जल संसाधन और कोयला जैसे क्षेत्रों की पांच अहम बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की, जो पांच राज्यों में फैली हैं और जिनकी कुल लागत 40,000 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महत्व की कई लंबित परियोजनाएं अब पूरी हो चुकी हैं।

पीएम श्री योजना की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे समग्र और भविष्य के लिए तैयार स्कूली शिक्षा का राष्ट्रीय मानक बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजना का क्रियान्वयन ढांचागत नहीं, बल्कि परिणाम केंद्रित होना चाहिए। सभी मुख्य सचिवों से उन्होंने पीएम श्री योजना की कड़ी निगरानी करने और इन स्कूलों को राज्य सरकारों के अन्य स्कूलों के लिए बेंचमार्क बनाने को कहा। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को जमीनी दौरे कर मूल्यांकन करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने बताया कि प्रगति का विचार उनके गुजरात के मुख्यमंत्री रहते समय आया था। उस समय उन्होंने तकनीक आधारित जनशिकायत निवारण मंच शुरू किया था, जिससे अनुशासन, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इसी अनुभव ने आगे चलकर प्रगति का स्वरूप लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र में आने के बाद उसी भावना को राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति के माध्यम से लागू किया गया। बड़े प्रोजेक्ट, प्रमुख कार्यक्रम और जनशिकायत निवारण को एकीकृत मंच पर लाकर समीक्षा, समाधान और फॉलो–अप की व्यवस्था की गई, जिससे कामकाज में गति और पारदर्शिता बढ़ी।

### बैंक कर्मचारी ने ग्राहकों को लगा दी लाखों की चपत

देहरादून। आईसीआईसीआई बैंक की जाखन शाखा में अमानत में खयानत का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां तैनात एक बैंक कर्मचारी ने म्यूच्यूअल फंड और मुनाफा देने वाली स्कीमों का लालच देकर करीब 31 लाख 17 हजार रुपये डकार लिए। बैंक प्रबंधन की आंतरिक जांच में पोल खुलने के बाद अब राजपुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में बैंक के रिजनल मैनेजर रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी कर्मचारी राजेश रंजन निवासी डांडा नूरीवाला बैंक में आने वाले ग्राहकों को टारगेट करता था। वह उन्हें भरोसा दिलाता था कि उसकी बताई स्कीम में निवेश करने पर उन्हें मोटा रिटर्न मिलेगा। ग्राहक बैंक कर्मचारी समझकर उस पर भरोसा कर लेते थे। राजेश वह पैसा उनके हित में निवेश करने के बजाय चालाकी से अपने खाते में ट्रांसफर कर लेता था। इस फर्जीवाड़े की परतें तब खुलीं जब 15 जुलाई 2025 को गीता पासवान नाम की एक ग्राहक बैंक पहुंचीं। उन्होंने शिकायत की कि उनके खाते से धोखे से चार लाख रुपये निकाल लिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री ने 215 उपनिरीक्षकों को दिये नियुक्ति पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में 215 उपनिरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। जिसमें 104 उप-निरीक्षक, 88 गुल्म नायक (पी.ए.सी) एवं 23 अग्निशमन द्वितीय अधिकारी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था, जन सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने नवनियुक्त उप निरीक्षकों से कहा कि अब तक की उनकी परीक्षा केवल शुरुआत थी, असली परीक्षा अब शुरू हो रही है। उन्हें अब प्रदेश की सुरक्षा, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन एवं अग्निशमन जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड दो अंतरराष्ट्रीय एवं दो आंतरिक सीमाओं से लगा राज्य है। राज्य में शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के साथ-



साथ नशा, साइबर क्राइम, महिला अपराध, यातायात, आपदा प्रबंधन, चारधाम एवं कांवड़ यात्रा जैसे अनेक मोर्चों पर पुलिस की प्रभावी भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा एवं डेटा एनालिटिक्स जैसी उन्नत तकनीकों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजानदास, उमेश शर्मा काऊ सचिव गृह शैलेश बगोली, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. वी. मुरूगेशन, ए.पी अंशुमान, आईजी योगेन्द्र सिंह रावत एवं पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नए साल के जश्न के लिए देशभर से हिमाचल प्रदेश पहुंचे पर्यटक



शिमला। देशभर से जनजातीय जिले किन्नौर पहुंचे पर्यटकों ने ताजी हवा में नए साल का जश्न मनाया। साल के अंतिम दिन पर्यटन स्थल कल्पा, सांगला, छितकुल, पुह, नाको आदि में पर्यटकों का तांता लगा रहा। पर्यटकों ने देर रात तक अपने होटल परिसर में नाच और गाकर नए साल का जश्न मनाया। अधिकतर पर्यटक ग्रुप में नए साल का जश्न मनाने पहुंचे हैं। कुछ पर्यटक सोलो ट्रिप करके भी पहुंचे हैं। असम की निष्ठा सोले ट्रिप करके नए साल का जश्न मनाने कल्पा पहुंची है। वहीं, दिल्ली के पर्यटक किन्नौर की ताजी हवा और स्वच्छ वातावरण में नए साल का जश्न मनाते हुए खुश दिखे। हालांकि, पर्यटकों ने पहाड़ों पर बढ़ती प्लास्टिक की गंदगी पर चिंता भी जताई है। नए साल के जश्न के लिए भारी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने से स्थानीय होटल कारोबारी भी खुश हैं।

होटल कारोबारी अमन आहूजा, हरविंद्र नेगी आदि ने बताया कि काफी संख्या में पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए पहुंच रहे हैं। इस साल नए साल के लिए एडवांस बुकिंग चल रही है। उन्होंने पर्यटकों से निवेदन किया है कि वह आने से पहले होटल में अपनी बुकिंग सुनिश्चित करें, अन्यथा परेशानी हो सकती है। उधर, नए साल के जश्न को देखते हुए पुलिस के प्रबंध भी चाक चौबंद रहे। पर्यटन स्थलों पर पुलिस की क्यूआरटी को तैनात की गई हैं, ताकि किसी घटना पर तुरंत एक्शन लिया जा सके। सड़कों पर नशा करने वालों पर भी पुलिस की नजर रही। सोलो ट्रैवलर असम की निष्ठा ने बताया कि कल्पा में नए साल का जश्न मनाने पहुंची हूं। कल्पा में बहुत सुरक्षित महसूस हुआ। कल्पा में काफी उत्साह के साथ नया साल का जश्न मनाया। दिल्ली के हिमांशु ने बताया कि किन्नौर के सांगला, ताबो, पूह आदि घूमकर नए साल का जश्न मनाने कल्पा पहुंचे। दिल्ली में प्रदूषण होने के कारण नए साल जश्न पहाड़ों में मनाने का निर्णय लिया था। कल्पा में मनाया नए साल का जश्न उनके जीवन सबसे सर्वश्रेष्ठ जश्न रहा।नोएडा से आई दीपशिखा ने बताया कि नए साल के जश्न के लिए कप्ला पहुंचे हैं। पहाड़ पर प्लास्टिक का कचरा देखकर बहुत बुरा लगा। प्राकृतिक को हम अपनी मां मानते हैं। यदि हम गंदगी ने फैलाएं तो सब कुछ बहुत बढ़िया है। कल्पा में आकर प्राकृतिक नजारों का खूब आनंद लिया। बैंगलोर से आए हर्षित आए ने बताया कि कल्पा में नए साल का जश्न मनाने पहुंचे हैं। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। नए साल यह जश्न हमेशा यादगार रहेगा।

**पर्यटकों के एक हजार वाहन पहुंचे, होम स्टे में ठहरना कर रहे पसंद**

जिला पर्यटन अधिकारी किन्नौर अमित कल्थाईक ने बताया कि सांगला, छितकुल, कल्पा और नाको जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। एक सप्ताह के दौरान दोपहिया, चार पहिया वाहनों और ट्रैवलर सहित करीब एक हजार से अधिक वाहन किन्नौर जिले में पहुंचे हैं। जिले के लगभग सभी होटल और होमस्टे पूरी तरह बुक हो चुके हैं। इस बार खास बात यह है कि अधिकतर पर्यटक होटलों की बजाय स्थानीय होमस्टे में ठहरना पसंद कर रहे हैं। इससे न केवल पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति को करीब से जानने का अवसर मिल रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों की आय में भी बढ़ोतरी हो रही है।

### युवक को चाकू से वार कर उतारा मौत के घाट

दिल्ली । शास्त्री पार्क इलाके में एक युवक को चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। अस्पताल से युवक की मौत की खबर पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंची। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, 30 और 31 दिसंबर की दरमियानी रात को पीएस शास्त्री पार्क जेपीसी अस्पताल से एक ऐसे व्यक्ति के बारे में जानकारी मिली जिसे चाकू लगा था और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। अस्पताल पहुंचने पर मृतक की पहचान वसीम पुत्र हशमत निवासी बुलंद मस्जिद, शास्त्री पार्क, दिल्ली, उम्र 33 साल के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान पता चला कि मृतक को डीडीए पार्क के पीछे चाकू मारा गया था। पीएस शास्त्री पार्क में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए हैं। अपराध में शामिल आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें तैनात की गई हैं। आगे की जांच जारी है।

# त्रिपुरा छात्र हत्याकांडः पुलिस ने नॉर्थ ईस्ट के छात्रों की तैयार की सूची

देहरादून। पढ़ने के लिए देहरादून आए त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की मौत होने के मामले में दून पुलिस और सख्त कदम उठा रही है। पुलिस ने जिले में पढ़ रहे पूर्वोत्तर के सभी छात्रों की सूची तैयार की है। पुलिस इनके साथ ऑनलाइन बैठक कर सुरक्षा का भरोसा दिलाएगी। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि जिले के अलग–अलग कॉलेजों और पीजी संचालकों से नॉर्थ ईस्ट के छात्रों की जानकारी मांगी गई है। उनकी सूची तैयार की गई है। अभी तक जिले में करीब 2500 नॉर्थ ईस्ट के छात्रों के होने की बात सामने आई है। उनके मन में किसी भी तरह के डर का भाव पैदा न हो इसके संवाद स्थापित किया जाएगा। उनके साथ एक ऑनलाइन बैठक का भी आयोजन किया जा रहा है। दून पुलिस एक–एक छात्र की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

**आरोपी सूरज की मां बोलीं वे खुद मणिपुर मूल की हैं**



एंजेल हत्याकांड के एक आरोपी सूरज की मां ने अपना बयान जारी किया है। कहा कि उनके बेटे ने किसी भी तरह की नस्लभेदी टिप्पणी नहीं की है। वे खुद नॉर्थ ईस्ट के मणिपुर की रहने वाली हैं। वे गत 10 वर्षों से देहरादून के सेलाकुई में रह रही हैं। उनका बेटा सूरज भी एक वर्ष पहले देहरादून आया है। वह यहां पर रेस्ट्रोरेंट चलाता है। झगड़े का कारण कुछ और है।

# आज से लागू होगा यूरोपीय संघ का कार्बन टैक्स



नई दिल्ली। यूरोपीय संघ (ईयू) का कुछ धातुओं पर कार्बन टैक्स (सीबीएएम) एक जनवरी से लागू होने जा रहा है और इससे भारत के इस्पात और एल्युमिनियम निर्यात को झटका लग सकता है। यूरोपीय संघ के 27 देशों का समूह उन वस्तुओं पर यह कर लगा रहा है, जिनके निर्माण के दौरान कार्बन उत्सर्जन होता है। इस्पात क्षेत्र में ब्लास्ट फर्नेस–बेसिक आक्सीजन फर्नेस (बीएफ–बीओएफ) मार्ग में उत्सर्जन सबसे अधिक होता है जबकि गैस आधारित डीआरआइ में यह कम तथा कबाड़ (स्क्रैप) आधारित इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) में सबसे कम होता है।

**ईयू का कार्बन टैक्स 1 जनवरी से लागू होगा**

इसी तरह एल्युमिनियम में बिजली का स्त्रोत एवं ऊर्जा की खपत अहम भूमिका निभाती है। कोयले से उत्पादित बिजली से कार्बन बोझ बढ़ता है जिससे सीबीएएम लागत भी अधिक होती है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, कई भारतीय निर्यातकों को कीमतों में 15 से 22 प्रतिशत तक की कटौती करनी पड़ सकती है ताकि ईयू के आयातक उसी मुनाफे (मार्जिन) से सीबीएएम कर का भुगतान कर सकें।

**निर्यातकों को 15– 22% तक कीमत घटानी पड़ सकती है**

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 2026 से उत्सर्जन आंकड़ों का स्वतंत्र सत्यापन अनिवार्य होगा और केवल ईयू–मान्यता प्राप्त या आइएसओ 14065 के अनुरूप सत्यापनकर्ताओं को ही स्वीकार किया जाएगा। जीटीआरआई के अनुसार, भारत का ईयू को इस्पात एवं एल्युमिनियम निर्यात वित्त वर्ष 2023–24 में 7.71 अरब डालर से घटकर 2025 में 5.82 अरब डालर रह गया, जो 24.4 प्रतिशत की गिरावट है। भारत और ईयू के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते की वार्ताओं में भी कार्बन कर एक अहम मुद्दा बना हुआ है।

### नहीं पहुंची अहमदाबाद और दिल्ली की फ्लाइट

ऋषिकेश। कोहरे का असर हवाई सेवाओं पर पड़ रहा है। कम दृश्यता होने से बुधवार को दो हवाई सेवाएं जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर नहीं पहुंची। वहीं, दो हवाई सेवाएं देर से आई। बुधवार को जौलीग्रांट और आसपास के क्षेत्र में घना कोहरा रहा। इससे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर दो फ्लाइटें नहीं पहुंच सकी। वहीं दो उड़ानें डेढ़ घंटे की देरी से जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर उतरी।

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार सुबह 8:00 बजे अहमदाबाद से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट और 9:00 बजे दिल्ली से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर नहीं पहुंची। इन विमानों ने अहमदाबाद और दिल्ली से ही उड़ान नहीं भरी। वहीं, जयपुर से सुबह 9:45 बजे आने वाली इंडिगो की फ्लाइट 11 मिनट पर देरी से पहुंची। एयर इंडिया की मुंबई से सुबह 9:55 बजे आने वाली फ्लाइट पूर्वाह्न 11:34 बजे जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर उतरी।

# दो लोको ट्रेनों की टक्कर, चार श्रमिक जिला अस्पताल में भर्ती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : चमोली जनपद के पीपलकोटी स्थित निर्माणाधीन टीएचडीसी विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की टीबीएम साइट पर मंगलवार को शिफ्ट परिवर्तन के दौरान सुरंग के भीतर मजदूरों को लाने-ले जाने वाली दो लोको ट्रेनों की आपस में टक्कर हो गई। घटना के समय 109 श्रमिक सुरंग के भीतर मौजूद थे। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारी चमोली से दूरभाष पर वार्ता कर घटना की पूरी जानकारी ली और सभी घायलों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने और आवश्यकतानुसार उच्च चिकित्सालयों में रेफर करने के निर्देश दिए। हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी चमोली गौरव कुमार एवं



पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार तत्काल जिला अस्पताल गोपेश्वर पहुंचे, वहां भर्ती घायलों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और चिकित्सकों को घायलों के समुचित एवं बेहतर उपचार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी चमोली गौरव कुमार ने जानकारी दी कि 70 श्रमिकों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय गोपेश्वर लाया गया, जिसमें से 66 का प्राथमिक उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया है 04 श्रमिकों को जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। पीपलकोटी विवेकानंद चिकित्सालय में 18 श्रमिकों का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया है। 21 श्रमिकों को को कोई चोट नहीं लगी है, वे घटना स्थल से ही घर चले गए थे।

# सतर्कता अधिष्ठान ने वर्ष 2025 में भ्रष्टाचार पर कसी नकेल, 43 अभियुक्त रंगे हाथ गिरफ्तार

**– भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंसः विजिलेंस ने 21 ट्रैप और 14 शिकायतों में की त्वरित कार्रवाई – 5.94 लाख रिश्वत राशि के साथ पकड़े गए अधिकारी–कर्मचारी – वर्षभर में 2209 शिकायतें प्राप्त, 470 में पाया गया विजिलेंस एंगल**

देहरादून। सतर्कता अधिष्ठान मुख्यालय देहरादून में आज निदेशक सतर्कता डॉ. वी. मुरुगेसन (भा.पु.से.) ने प्रेस वार्ता आयोजित कर वर्ष 2025 में भ्रष्टाचार के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों की जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान मुख्यालय प्रहलाद नारायण मीणा तथा पुलिस अधीक्षक सेक्टर देहरादून स्वतन्त्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। डॉ. मुरुगेसन ने बताया कि मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत सतर्कता अधिष्ठान ने वर्ष 2025 में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। वर्षभर में 21 ट्रैप प्रकरणों में विभिन्न विभागों के 26 अभियुक्तों (6 राजपत्रित एवं 20 अराजपत्रित) को रिश्वत राशि □5,94,100 लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त टोल फ्री नंबर 1064 पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 14 मामलों में 17



अभियुक्तों को रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। इन सफल कार्रवाइयों के लिए निदेशक सतर्कता ने संबंधित टीमों को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। वर्ष 2025 में कुल 28 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, जिनमें 5 खुली जांच, 2 अन्वेषण और 21 ट्रैप शामिल रहे। साथ ही 20 मामलों में आय से अधिक संपत्ति की जांच हेतु शासन को आख्या भेजी गई। अधिष्ठान की पैरवी से भ्रष्टाचार के 6 मामलों में से 3 में अभियुक्तों को सजा भी हुई। सतर्कता अधिष्ठान को वर्षभर में टोल फ्री नंबर और वेबसाइट के माध्यम से 2209 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 470 विजिलेंस एंगल की थीं। इनमें से 14 पर ट्रैप कार्रवाई की गई, 2 मामलों को खुली जांच हेतु शासन को भेजा गया और 83 शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। शिकायतकर्ताओं को राहत देने के लिए रिवॉल्विंग फंड की स्थापना की गई, जिसके तहत अब तक 15 शिकायतकर्ताओं को 2,47,500 की राशि वापस की गई।

### बिहार निवासी खनन मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत

हल्द्वानी। बिहार के रहने वाले एक मजदूर की हल्द्वानी में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से पश्चिमी चंपारण, बिहार निवासी 67 वर्षीय जयपाल पटेल पुत्र पुण्यलाल पटेल सालों से हल्द्वानी में रहते थे। वह राजपुरा में एक झोपड़ी में रहते थे। गौला खनन में मजदूरी करके वह अपना पेट पालते थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर को उनकी तबीयत एकाएक बिगड़ गई। आसपास के लोग उन्हें लेकर बेस अस्पताल आए।

जहां उन्हें भर्ती कराया। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि ठंड भी बुजुर्ग के तबीयत बिगड़ने का कारण हो सकती है। घटना की जानकारी पुलिस ने परिजनों को दी।

# नववर्ष पर पुलिस अलर्ट, हुड़दंग व ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती

हरिद्वार। नए साल के जश्न के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और हुड़दंग पर अंकुश लगाने के लिए हरिद्वार पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर जिलेभर में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया और रातभर पुलिस टीमें मुस्तैद रहीं।एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के अनुसार सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। देर रात तक वाहनों की सघन चेकिंग की गई, जिसमें ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों पर विशेष फोकस रखा गया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। महिला सुरक्षा पर



भी पुलिस सतर्क है। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अभद्रता की घटनाओं को रोकने के लिए महिला चेतक टीमों को प्रमुख इलाकों में तैनात किया गया है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने स्पष्ट किया कि नए साल के जश्न के नाम पर किसी भी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस टीमें लगातार गश्त करेंगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मौके पर ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# बिहार के बड़े नेताओं को जोर का झटका

एक महीने पहले नवंबर में बिहार में भारतीय जनता पार्टी को बड़ी जीत मिली। पहली बार भाजपा बिहार विधानसभा के चुनाव नतीजों में सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी। इस जीत ने पार्टी के अनेक नेताओं के कद में बड़ा इजाफा किया। लेकिन नतीजों के एक महीने बाद भाजपा ने बिहार के नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना कर बिहार के तमाम बड़े नेताओं को जोर का झटका दिया। केंद्रीय मंत्री, बिहार के उप मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, दूसरे राज्यों के प्रभारी, केंद्रीय संगठन में पद संभाल रहे तमाम नेता एक झटके में धराशायी हुए। सोचें, इन सबकी श्रेणी में नितिन नबीन कहीं नहीं थे। यह जरूर है कि उनको जो काम दिया जाता था उसे पूरी निष्ठा से निभाते थे। चाहे छत्तीसगढ़ में सह प्रभारी और प्रभारी के तौर पर काम करना हो या नीतीश सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी हो, उसमें वे चुपचाप काम करते थे। साथ ही ऊपर के दोनों शीर्ष नेताओं के संपर्क में थे। उनका भरोसा हासिल कर रहे थे। बाकी नेताओं की तरह उनका भौकाल नहीं था और न मीडिया में वे नायक बने थे। कायस्थ जाति से होने और बिहार में भाजपा की सबसे सुरक्षित राजधानी पटना की शहरी सीट से जीतने की वजह से भी वे बहुत ज्यादा सुर्खियों में नहीं रहते थे। उनके भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते ही बिहार के सारे बड़े नेता दूसरी कतार में आ गए। सब उनके अधीनस्थ हो गए। वैसे भी भाजपा में हिसाब किताब कांग्रेस की तरह नहीं है। कांग्रेस में तो प्रदेश का या केंद्र का कोई भी नेता नेहरू गांधी परिवार के सदस्यों को छोड़ कर दूसरे किसी को नेता स्वीकार नहीं करता है। लेकिन भाजपा में सबको अध्यक्ष जी का नेतृत्व स्वीकार करना होता है। सिर्फ उन लोगों को छोड़ कर जिन्होंने अध्यक्ष बनवाया होता है। सो, मोदी और शाह को छोड़ कर बाकी सबके लिए नितिन नबीन अध्यक्ष जी हो गए हैं। बिहार भाजपा में दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा की क्या स्थिति होगी यह सोचा जा सकता है। दोनों के नितिन नबीन के सामने अदब से पेश आना है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय जो अब तक अमित शाह के सबसे करीबी थे और बिहार में कई मामलों में अपने हिसाब से फैसले कराते थे। उनको भी अब नितिन नबीन के पास ही जाना होगा। राज्य सरकार के मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल के प्रभारी मंगल पांडेय भी नितिन नबीन को रिपोर्ट करेंगे। केंद्रीय मंत्रियों में गिरिराज सिंह और उस समय के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को सबने देखा कि वे पटना से नितिन नबीन के साथ दिल्ली आए और हवाईअड्डे पर उनके पीछे पीछे चल रहे थे। बिहार के प्रभारी महासचिव विनोद तावड़े गुलदस्ता लेकर हवाईअड्डे पर खड़े थे नितिन नबीन के स्वागत के लिए। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख स्वागत के समय उनके हाथ से गुलदस्ता लेकर रख रहे थे। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और बिहार में कायस्थ नेता के तौर पर तेजी से उभर रहे ऋतुराज सिन्हा का क्या होता है यह देखने वाली बात होगी? क्या नितिन नबीन की जगह बिहार में मंत्री बनेंगे या संजय मयूख दिल्ली से पटना भेज जाएंगे? जो हो, सरकार और संगठन के तमाम बड़े नेता नई और बदली हुई परिस्थितियों में एडजस्ट करने के प्रयास में लगे हैं।

# कृषि क्षेत्र में भारत की कामयाबी

**2025 में शुरू की गई प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) ने लक्षित और नतीजों पर फोकस करने वाले कृषि सुधार की दिशा में एक अहम कदम उठाया। केंद्रीय बजट 2025–26 में घोषित और जुलाई में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित यह योजना, 100 कम प्रदर्शन वाले जिलों पर केंद्रित है और इसका मकसद 1.7 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाना है। इसके लिए प्रतिवर्ष 24,000 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, ताकि कम उत्पादकता, जल संकट और ऋण की कमी जैसी मुश्किलों का समाधान किया जा सके।**

साल 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के एक दशक बाद, भारत का कृषि क्षेत्र साल 2025 तक पूरी तरह से बदल चुका है। कभी कम उत्पादकता, कीमतों में अनिश्चितता और आयात पर निर्भरता से ग्रस्त व्यवस्था, अब रिकॉर्ड उत्पादन, किसानों की सुनिश्चित आय, वैज्ञानिक नवाचार और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता से भरपूर है।दरअसल 2025 को महत्वपूर्ण बनाने के पीछे कोई एक योजना या आंकड़ा नहीं है, बल्कि 11 वर्षों के सुधारों का एक सुसंगत और भविष्य के लिए तैयार कृषि ढांचे में एकीकरण है।

2025 में शुरू की गई प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) ने लक्षित और नतीजों पर फोकस करने वाले कृषि सुधार की दिशा में एक अहम कदम उठाया। केंद्रीय बजट 2025–26 में घोषित और जुलाई में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित यह योजना, 100 कम प्रदर्शन वाले जिलों पर केंद्रित है और इसका मकसद 1.7 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाना है। इसके लिए प्रतिवर्ष 24,000 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, ताकि कम उत्पादकता, जल संकट और ऋण की कमी जैसी मुश्किलों का समाधान किया जा सके।

11 मंत्रालयों की 36 कृषि योजनाओं को एकीकृत करके, पीएमडीडीकेवाई ने खंडित कार्यान्वयन को जिला–स्तरीय समन्वय में तब्दील कर दिया है। एडीपी से प्रेरित यह योजना सिंचाई, भंडारण, प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण और संस्थागत ऋण को प्राथमिकता देती है, जो मिशन–आधारित कृषि बदलाव और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का संकेत है।

दलहनः आत्मनिर्भरता की ओर एक रणनीतिक सफलता

वर्ष 2025 में, भारत ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 11,440 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की। इस मिशन का लक्ष्य 2030–31 तक 350 लाख टन दलहन उत्पादन और 310 लाख हेक्टेयर में दलहन की खेती करना है। पहली बार, तुअर, उड़द और मसूर उगाने वाले किसानों को बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण बीज वितरण के साथ चार वर्षों के लिए 100त्न न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) खरीद का आश्वासन दिया गया है। करीब 2 करोड़ किसानों को लाभ पहुँचाने वाला यह मिशन, मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत करता है, आय को स्थिर करता है और पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देता है, जो दलहन में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी सफलता है।

**कृषि—उद्योग संबंध को मज़बूत बनानाः कपास मिशन**

केंद्रीय बजट 2025–26 में घोषित पांच वर्षीय कपास मिशन का मकसद, किसानों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी मदद देकर उत्पादकता बढ़ाना है, खासकर अतिरिक्त लंबे रेशे वाली कपास की।

गुणवत्तापूर्ण कपास की लगातार आपूर्ति करके, यह मिशन भारत के वस्त्र क्षेत्र को मजबूत करता है, जहां 80त्न क्षमता लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) द्वारा संचालित है। साथ ही यह कृषि को औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता का प्रमुख चालक बनाकर, खेतों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने के 5एफ दृष्टिकोण को और मज़बूत करता है।

रिकॉर्ड उत्पादनः एक दशक के सुधारों का परिणाम

इन नीतिगत फैसलों का असर साल 2025 में साफ तौर पर दिखाई दिया। कृषि मंत्रालय द्वारा नवंबर 2025 में जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2024–25 में 357.73 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन के साथ अब तक का सबसे उच्च स्तर हासिल किया।

यह 2015–16 की तुलना में 106 मिलियन टन से अधिक की वृद्धि दर्शाता है, जब उत्पादन 251.54 मिलियन टन था, जो पिछले दस वर्षों में दर्ज की गई सबसे बड़ी वृद्धि है।

2025 में घोषित प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैंः

चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 1,501.84 लाख टन

गेहूं का उत्पादन 1,179.45 लाख टन रहा, जो हाल के इतिहास में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि है

दालों का उत्पादन 256.83 लाख टन तक पहुंचा

तिलहन का उत्पादन रिकॉर्ड 429.89 लाख टन तक पहुंचा

2025 की पहली तिमाही में, भारत के कृषि क्षेत्र ने 3.7 की वृद्धि दर्ज की, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती कृषि अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हासिल की गई संरचनात्मक स्थिरता को दर्शाती है।

**एमएसपीः नीतिगत वादे से आय संरक्षण तक**

इस बदलाव का एक ज़रुरी स्तंभ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मजबूत करना रहा है। 2014 से पहले, सीमित खरीद के कारण एमएसपी अक्सर प्रतीकात्मक ही रहता था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, एमएसपी को एक वास्तविक आय संरक्षण व्यवस्था के रूप में संस्थागत रूप दिया गया है।

2025 में, सरकार ने 14 खरीफ फसलों और सभी अनिवार्य रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी, जिसमें उत्पादन लागत के 1.5 गुना एमएसपी निर्धारित करने के सिद्धांत का सख्ती से पालन किया गया।

दशक भर की तुलना से साफ होता हैः

धान की खरीद (2014–15 से 2024–25) 7,608 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई, जबकि इससे पिछले दशक में यह 4,590 लाख मीट्रिक टन थी।

धान किसानों को एमएसपी भुगतान बढ़कर 14.16 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो 2014 से पहले भुगतान की गई राशि से तीन गुना से अधिक है।

14 खरीफ फसलों के लिए कुल एमएसपी भुगतान 16.35 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जबकि पहले यह 4.75 लाख करोड़ रुपए था।

वर्ष 2025 तक, एमएसपी महज़ एक घोषणा न रहकर, किसानों के लिए एक विश्वसनीय आर्थिक गारंटी बन गया।

विज्ञान और सतत् विकास पर फोकस

2025 में, भारत जीनोम–संपादित चावल की किस्मों को विकसित और जारी करने वाला विश्व का पहला देश बन गया, जो कृषि विज्ञान में एक वैश्विक उपलब्धि है। डीआरआर धान 100 (कमला) और पूसा डीएसटी राइस 1, ये दो किस्में काफी अधिक उपज, शीघ्र परिपक्वता और लवणता तथा क्षारीयता के प्रति सहनशीलता प्रदान करती हैं। अनुशंसित क्षेत्र में खेती से 45 लाख टन अतिरिक्त धान का उत्पादन होने, उत्पादन लागत में कमी आने और जलवायु परिवर्तन के प्रति सशक्तिकरण होने की उम्मीद है। सतत् विकास पर भी समान रूप से जोर दिया गया। महाराष्ट्र द्वारा मात्र 30 दिनों में 45,911 ऑफ–ग्रिड सौर कृषि पंपों की स्थापना, जिसे 2025 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता दी गई, भारत के हरित कृषि की ओर तेज़ी से बढ़ते कदम का प्रतीक है।

राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में कृषि सार्वजनिक निवेश इस रणनीतिक फोकस को दर्शाता है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के लिए बजटीय आवंटन में भारी वृद्धि हुई है, जो 2013–14 में 21,933.50 करोड़ रुपए से बढ़कर 2025–26 में 1,27,290.16 करोड़ रुपए हो गया है और यह प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में किसानों को दी गई प्राथमिकता को दर्शाता है। निष्कषः साल 2025 – भारतीय किसानों के लिए आत्मविश्वास का वर्ष वर्ष 2025 प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि सुधारों के एक दशक की सफलता का प्रतीक है। इसने दिखाया कि कैसे सुसंगत नीति, सुनिश्चित मूल्य, वैज्ञानिक नवाचार और एकीकृत शासन कृषि क्षेत्र को विश्वास से भर सकते हैं। रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और मजबूत एमएसपी से लेकर पीएमडीडीकेवाई और दलहन में आत्मनिर्भरता जैसी परिवर्तनकारी पहलों की मदद से, वर्ष 2025 में भारतीय कृषि की पुरानी परिभाषा अब बिल्कुल बदल चुकी है। अब यह स्थिरता, आत्मनिर्भरता और आकांक्षा से परिभाषित होती है, जो प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ मज़बूती से जुड़ी हुई है।

# विनोद कुमार शुक्ल गये नहीं, हमारे बीच हैं....

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

**विनोद कुमार शुक्ल से मेरी पहली मुलाकात दिसंबर सन 78 में रायपुर में हुई थी। उसके बाद भेंटों का क्रम बना रहा। तब तक उनकी कविता की किताब लगभग जयहिन्द' आ चुकी थी और उपन्यास' नौकर की कमीज' आने को था। उन्होंने मुझसे 'नौकर की कमीज का प्रुफ जांचने को कहा और हम रिश्तों की अलग डोर में बंध गये। फिर आया खिलेगा तो देखेंगे और 'दीवार में एक खिड़की रहती थी। इन कृतियों ने उनकी एक अलग छवि सिरजी; एक ऐसी छवि जो अन्य रचनाकारों, खासतौर पर प्रतिष्ठित 'बड़ों की छवि से भिन्न थी।**

ज्ञानपीठ से समादृत कवि–उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल नहीं रहे। नहीं रहे यानि उनकी भौतिक देह अब हमारे बीच नहीं है। अपनी 90वीं सालगिरह से एक हफ्ता पहले उन्होंने सदा के लिये अपनी आंखें मूंद लीं। पिछले कुछ समय से वह गहन दैहिक पीड़ा में थे; अस्पताल और घर के दरम्यां झूलते हुये। सांसों की डोर अब टूटी तब टूटी की विषम स्थिति थी। उनके पाठकों और शुभचिंतकों का एक बड़ा संसार उनके लिये चिंतित था। उनकी महत्ता और प्रतिष्ठा कि उनकी कुशल क्षेम के लिये अलग–अलग समय पर पीएम, स्पीकर और सीएम ने उनकी मिजाजपुर्सी कर उनकी दीर्घायु की कामना की थी। विनोद कुमार शुक्ल से मेरी पहली मुलाकात दिसंबर सन 78 में रायपुर में हुई थी। उसके बाद भेंटों का क्रम बना रहा। तब तक उनकी कविता की किताब लगभग जयहिन्द' आ चुकी थी और उपन्यास' नौकर की कमीज' आने को था। उन्होंने मुझसे 'नौकर की कमीज का प्रुफ जांचने को कहा और हम रिश्तों की अलग डोर में बंध गये। फिर आया खिलेगा तो देखेंगे और 'दीवार में एक खिड़की रहती थी। इन कृतियों ने उनकी एक अलग छवि सिरजी; एक ऐसी छवि जो अन्य रचनाकारों, खासतौर पर प्रतिष्ठित 'बड़ों की छवि से भिन्न थी। वह शांत चित्त, संयत और शालीन थे; व्यक्ति और रचनाकार दोनों स्तरों पर। वह कंधे पर कुछ भी नहीं ढोते थे; न दंभ, न आडंबर और न फालतूपन। बड़बोलेपन से वह कोसों दूर थे। ऊंचे–पूरे कद के विनोद जी चलते तो मानो पांवों में रबड़ की स्लीपर पहने हों। कोई कर्कशता नहीं। अपने आप में दुबकी हुई उनकी आकर्षक शख्सियत हंसी उनकी मूंछों में दुबकी रहती और अल्फाज होंठों में। उनकी कविता बटियो के बीच दूब घास में दुबकी हरियाली की मानिंद चुनींदा शब्दों में। वह किसी अन्य कवि या उपन्यासकार की मानिंद न थे। उन्हीं की तर्ज पर कहें तो विनोद कुमार शुक्ल विनोद कुमार शुक्ल की तरह थे। उनके साथ रहो तो किसी और का ख्याल ही नहीं आता। वह पाठक या श्रोता को अपने साथ लेकर अलग छाँव भरी पगडंडी पर निकल जाते थे। उनके साथ चलना औरों को भूलने से अधिक उनका हो जाना था। और वह भी साथ चल रहे साथी से अधिक उसके साथ होने को जानते थे। वक्त के साथ उनकी दुनिया उनके घर के करीब होती गयी थी। वह घर में बरामदे में झूले पर बैठ जाते और सड़क पर आते–जाते लोगों को देखते। सड़क उनके तईं दुनिया को देखने का रंगमंच थी।विनोद जी का बचपन राजनांदगांव में मुश्किलों में बीता था। उन्हें रायपुर में स्थायी ठौर मिला। लेखन से उन्होंने प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा भी। उन्होंने अपने अनुभव को छत्तीसगढ़ का अनुभव कहा और रचनाओं में उसे विस्तार दिया। उनका परिवार गांधी जी से गहरे प्रभावित था। 30 जनवरी की नृशंस शाम को वह कभी नहीं भूले। उन्होंने गत दिनों कहा था मेरी आस्था जो है, वह मनुष्ता की तरह है। हिंसा, कट्टरता जैसी चीजें जब किसी धार्मिक आस्था से जुड़ती है; तो वह मुझको अच्छा नहीं लगता। वह स्थूलता के बजाय सूक्ष्मता, ऊंचाई के बजाय गहराई और माननीय संवेदनों के ऊँचे मयार के रचनाकार थेः अलंकृत होकर भी निरलंकृत। चालीस साल पहले को याद करूं तो वह जब तब मेरी कविताएं सुनने दड़बेनुमा दफ्तर में चले आते थे।

# वक्त आत्म—निरीक्षण का

मेसी की झलक– उनका खेल नहीं– दिखाने का जो तमाशा हुआ, वह अजीबोगरीब ही है। इसीलिए अभिनव बिंद्रा की इस सलाह पर सबको ध्यान देना चाहिए कि 'मेसी का जयगान कर लेने के बाद अब वक्त आत्म–निरीक्षण का है।

अभिनव बिंद्रा ने वह कहा, जो आखिरकार किसी को कहना चाहिए था। विनेश फोगट ने उसमें अपना स्वर जोड़ा, तो उससे वो बात और वजनदार हुई है। लायोनेल मेसी बेशक फुटबॉल के सर्वकालीन सबसे महान खिलाड़ियों में एक हैं। उनकी उपलब्धियां बेशुमार हैं। इस कारण उनके प्रशंसक भारत सहित दुनिया भर में मौजूद हैं। अतः लोग मेसी को देखना चाहें, तो उसमें कुछ अजूबा नहीं है। लेकिन जब लोगों की इस इच्छा का भौंडा कारोबारी इस्तेमाल हो, तो उस पर सवाल उठाना जरूरी हो जाता है। तो ओलिंपिक्स में भारत के पहले व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता ने पूछा है कि क्या एक समाज के तौर पर हम खेल संस्कृति बना रहे हैं, या किंवदंती बन चुकी दूर देश की किसी शख्सियत का उत्सव भर मना रहे हैं। उनकी ये टिप्पणी गौरतलब हैः 'करोड़ों रुपये मेसी के पास जाने और उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए खर्च कर दिए गए। यह बिल्कुल ठीक बात है कि पैसा लोगों का है और यह उनका अधिकार है कि वे इसे कैसे खर्च करें। फिर भी मैं यह सोच कर तकलीफ महसूस करता हूं कि जितनी ऊर्जा एवं धन लगाए गए, उसका एक हिस्सा भी अगर अपने देश में खेल की बुनियाद में लगाया गया होता, तो उससे क्या हासिल हो सकता था। ओलिंपियन विनेश फोगट ने कहा है– 'मैं उम्मीद करती हूं कि कोई वक्त आएगा, जब हम सिर्फ एक दिन के लिए नहीं, बल्कि हर दिन के लिए सचमुच खेल के लिए जाग सकेंगे।इ इन टिप्पणियों में एक बेमकसद तमाशे को देख कर दो ऐसे खिलाड़ियों का दर्द झलका है, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन किया है। जिस देश में खिलाड़ियों के आगे बढ़ने की राह में खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर और संसाधनों की कमी से लेकर यौन शोषण के खतरों तक की बाधाएं आती हों, वहां एक मशहूर विदेशी खिलाड़ी की झलक– उनका खेल नहीं– दिखाने का जो तमाशा हुआ, उस पर आक्रोश ही जताया जा सकता है।

# बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ी बनी रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर



धुरंधर हर दिन बॉक्स ऑफिस पर नया रिकॉर्ड बना रही है. 5 दिसंबर को रिलीज हुई रणवीर सिंह की यह फिल्म चौथे शनिवार को भी शानदार परफॉर्म की. हालांकि शुरुआती बड़ी सफलता के बाद इसकी धीमी थोड़ी कम हो गई है. फिर भी यह डबल डिजिट में नोट छाप रही है. लगभग चार वीकेंड के बाद भी, रणवीर सिंह अभिनीत यह स्पाई एक्शन थ्रिलर दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है और बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है. आइए देखते हैं कि फिल्म ने 23 दिन कितने करोड़ रुपये की कमाई की है. मेकर्स ने धुरंधर के 22वें दिन का कलेक्शन साझा किया. मेकर्स ने के मुताबिक, रणवीर सिंह की अभिनीत और आदित्य धर की निर्देशित फिल्म ने चौथे शुक्रवार को 16.70 करोड़ रुपये कमाए. 22 दिनों के बाद भारत में धुरंधर की कुल कमाई 685.50 करोड़ नेट हो गई है. मेकर्स ने धुरंधर के 23वें दिन का कलेक्शन साझा किया है. मेकर्स के मुताबिक, फिल्म ने 22वें दिन की अपेक्षा 23वें दिन अच्छी कमाई की है. रणवीर सिंह–अक्षय खन्ना की स्पाई थ्रिलर ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 20.90 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसी के साथ धुरंधर 700 करोड़ी क्लब में भी शामिल हो गई है. मेकर्स के अनुसार, धुरंधर ने 23 दिनों में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल 706.40 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है.

23वें दिन की शानदार कमाई के साथ धुरंधर ने 2023 में रिलीज हुई सनी देओल की एक्शन थ्रिलर फिल्म गदर 2 को भी चारों खाने चित कर दिया है. इसने सनी देओल की अभिनीत फिल्म की लाइफटाइम वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है.

# सरफराज के 157 रन और पडिक्कल—गायकवाड़ का शतक



नई दिल्ली। सरफराज खान के तूफानी शतक की बदौलत मुंबई ने विजय हजारे ट्रॉफी में गोवा को 87 रनों से करारी शिकस्त दी। सरफराज ने 75 गेंदों पर 157 रन की धुंआधार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 9 चौके और 14 सिक्स लगाए। उनके भाई मुशीर खान ने 66 गेंदों पर 60 रन की पारी खेली। हार्दिक तोमर (53) ने अर्धशतक लगाया। कप्तान शार्दुल ठाकुर ने 8 गेंदों पर 27 रन कूटे। मुंबई ने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 444 रन बनाए। जवाब में अभिनव तेजराना के शतक और कप्तान दीपराज गांवकर की 70 रनों की पारी के बाद भी गोवा की टीम 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 357 रन ही बना सकी। नमन धीर और अनमोलप्रीत सिंह के अर्धशतकों की बदौलत पंजाब ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। छत्तीसगढ़ ने सिक्किम को 230 रनों से हराया। अंकित कुमार की नाबाद 144 रनों की पारी की बदौलत हरियाणा ने सर्विसेज के खिलाफ 272 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज की। चार मैचों में यह उनकी तीसरी जीत है। मयंक और पडिक्कल के शतकों की बदौलत कर्नाटक ने चार मैचों में चौथी जीत दर्ज की। नलकंडे की शानदार पारी से विदर्भ को जीत मिली

तेज गेंदबाज ऑलराउंडर ने चार विकेट लेकर विदर्भ को शानदार जीत दिलाई। विदर्भ ने चंडीगढ़ के 113 रनों के लक्ष्य को आठ विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। विदर्भ की चार मैचों में यह तीसरी जीत है। उत्तर प्रदेश और बंगाल के खिलाफ 82 और 57 रन बनाने के बाद ऋगाल ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 63 गेंदों में नाबाद 109 रन बनाकर इसका पूरा फायदा उठाया। सलामी बल्लेबाज नित्या पांड्या और अमित पासी के शतकों में उनका अहम योगदान रहा। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का दबदबा रहा और तीनों ने शतक बनाए और बड़ौदा ने 417 रन बनाकर 4 विकेट खोए। जवाब में हैदराबाद की टीम 380 रन पर सिमट गई। रुतुराज गायकवाड़ ने दिसंबर की शुरुआत भारत के लिए अपना पहला वनडे शतक लगाकर की। अब उन्होंने उत्तराखंड के खिलाफ 113 गेंदों पर 124 रनों की शानदार पारी खेलकर साल का समापन किया। महाराष्ट्र ने 24वें ओवर में 100 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद शानदार वापसी करते हुए 331 रन बनाए।

# बॉर्डर 2 के गाने घर कब आओगे का टीजर जारी



सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2झ् लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म के टीजर के बाद से ही फैंस फिल्म के 'घर कब आओगेझ् गाने का इंतजार कर रहे हैं। यह 'बॉर्डरझ् के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैंझ् का री–क्रिएटेड वर्जन है। अब मेकर्स ने इस गाने का टीजर जारी किया है। इसके साथ ही गाना कब सामने आएगा इसकी डेट भी जारी कर दी है।

गाने के टीजर में इसके कलाकारों के नामों का उल्लेख किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैंझ् के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन इस बारे गाने में दो नहीं बल्कि चार गायकों की आवाज है।

इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इस टीजर के अंत में चारों गायकों की आवाज सुनने को मिलती है। 'घर कब आओगेझ् के टाइटल से ये गीत 2 जनवरी को रिलीज किया जाएगा।

## जावेद जाफरी की मायासभा का टीजर जारी

तुम्बाड जैसी सफल फिल्म बना चुके निर्देशक अनिल बर्वे अपनी आगामी फिल्म मायासभा से चर्चा में हैं। फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता जावेद जाफरी को मुख्य किरदार में देखा जाएगा। कुछ हफ्ते पहले ही निर्माताओं की तरफ से इसका मोशन पोस्टर जारी किया गया था। अब मायासभा का टीजर जारी कर दिया गया है। साथ ही रिलीज की तारीख का खुलासा भी हो गया है। निर्माताओं का दावा है कि फिल्म गहरे रहस्य और रोमांच से भरपूर होगी।

मायासभा का टीजर जारी करते हुए लिखा गया, लंबे समय से दबा सोना दावा किए जाने की प्रतीक्षा कर रहा है। कुंजी अब केवल धूम्र–राक्षस के खंडित दिमाग में मौजूद है।

# सूर्यकुमार यादव के साथ अपने 'रिश्ते' को लेकर खुशी मुखर्जी ने दी सफाई



नई दिल्ली। बॉलीवुड और टीवी एक्ट्रेस खुशी मुखर्जी ने हाल ही में कहा था कि भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव उन्हें मैसेज करते थे। खुशी ने एमटीवी स्प्लिट्सविला में कहा कि सूर्यकुमार उन्हें काफी मैसेज करते थे। उन्होंने कहा कि दोनों की बातें ज्यादा चली नहीं। सूर्यकुमार यादव अब शादीशुदा हैं। लंबे समय तक डेट करने के बाद उन्होंने देविशा से शादी की थी।

**खुशी ने दी सफाई**

खुशी मुखर्जी ने अब एनडीटीवी से बातचीत में सूर्यकुमार यादव के बारे में कही बातों पर स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने कहा, "क्या हम दोस्तों की तरह बात नहीं कर सकते?" इससे पहले खुशी के बयान ने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी थी। टी20 विश्व कप शुरू होने में करीब डेढ़ महीने बाकी हैं। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारतीय टीम की घोषणा भी हो चुकी है। ऐसे में सूर्या की जगह पर संकट मंडरा सकता था। हालांकि, अभी ऐसा होता नहीं दिखा रहा है। खुशी ने स्पष्ट किया कि सूर्यकुमार यादव के साथ उनका कोई "रोमांटिक रिश्ता" नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी बात को गलत समझा गया और बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गया था।

दोस्त की तरह बात की

खुशी ने बताया कि पहले वह सूर्यकुमार से दोस्त की तरह बात करती थीं, लेकिन अब उनका कोई संपर्क नहीं है। इस विवाद के सामने आने के बाद भी उन्होंने सूर्यकुमार से बात नहीं की है। उन्होंने आगामी विश्व कप के लिए टीम इंडिया और कप्तान सूर्यकुमार यादव को शुभकामनाएं दीं। खुशी ने बताया कि हार के बाद सूर्यकुमार ने उनसे दोस्त की तरह बात की थी।

क्रिकेटर के डेट करना नहीं चाहती

हाल ही में एक कार्यक्रम में खुशी ने कहा था, "मैं किसी क्रिकेटर को डेट नहीं करना चाहती। कई क्रिकेटर मेरे पीछे पड़े हैं। सूर्यकुमार मुझे बहुत मैसेज करते थे। अब हमारी ज्यादा बात नहीं होती। मैं तो उनके साथ अपना नाम भी नहीं जोड़ना चाहती। मुझे अपने लिंक–अप की खबरें पसंद नहीं हैं।"

**7 फरवरी से होगा आगाज**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से हो रही है। 20 टीमों के बीच होने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 8 मार्च को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का एलान भी हो चुका है।

## एक नजर

### आशा फैसिलिटेटरों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयोजित जिला स्तरीय आशा सम्मेलन में जिले में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली आशा कार्यकर्त्ताओं व आशा फैसिलिटेटरों को सम्मानित किया गया।

गुमखाल में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. शिवमोहन शुक्ला की अध्यक्षता में सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आशा कार्यकर्त्ताओं में नैनीडांडा दर्शिनी देवी प्रथम, दुगड्डा से दामिनी देवी द्वितीय व यमकेश्वर की रेणु बडोला तृतीय रही। आशा फैसिलिटेटर में प्रथम पुरस्कार पाबौं की पूनम देवी को, द्वितीय पुरस्कार दुगड्डा की रेखा कंडवाल को, जबकि तृतीय पुरस्कार रिखणीखाल की विमला रावत को दिया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक थलीसैंण के ब्लाक समन्वयक कांता प्रसाद को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि आशाएं स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। आशाएं फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर बनाने में विभाग को सहयोग प्रदान कर रही हैं। कहा कि आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता पर निदान किया जाएगा। उन्होंने सम्मेलन में आशा कार्यक्रम के तहत कार्य करने वाले सभी कर्मियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित सभी कार्यक्रमों के तहत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम में आस्था सेवा संस्थान के सचिव राकेश चंद्रा, आशा कार्यक्रम के जिला समन्वयक दिनेश शाह, दीपक खांसुली, गोवर्धन गोस्वामी, रचना भट्ट, दिगंबर नेगी सहित विभिन्न विकासखंडों से आशा कार्यकर्त्ता, ब्लाक समन्वयक व आशा फैसिलिटेटर मौजूद रहे।

### प्रभारी उपनिदेशक फार्मेसी उनियाल को दी विदाई

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस अस्पताल के प्रभारी उपनिदेशक फार्मेसी अनिल कुमार उनियाल अपनी दीर्घ, समर्पित एवं प्रेरणादायी शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत उन्होंने लगभग 38 वर्ष तक सेवाएं प्रदान की। राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। योगदान के लिए समस्त फार्मेसी संवर्ग ने उनका आभार जताया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनिता रावत, वित्त नियंत्रक प्रसाद शर्मा, पूर्व एमएस डॉ. अजय विक्रम सिंह, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. किंगसुग चौहान, डॉ. सतेंद्र यादव आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# डरा रहा हाईवे का सफर, संकेतक व पैराफिट गायब

## कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य हाईवे में सुरक्षा को लेकर लापरवाह सिस्टम, संकेतक व पैराफिट नहीं होने से बढ़ रहा दुर्घटनाओं का अंदेशा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सरकारी सिस्टम आमजन की जिंदगी को लेकर कितना लापरवाह है, इसका उदाहरण कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर देखने को मिल रहा है। जहां 15 किलोमीटर के सफर में न ही राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे संकेतक नजर आ रहे हैं और न ही की पैराफिट दिखाई दे रहा है। हाईवे पर लगातार बढ़ते हादसों के बाद भी सरकारी सिस्टम ने व्यवस्थाओं में सुधार की सुध नहीं ली। जबकि, हाईवे पर हाथियों की भी धमक बनी रहती है।



कोटद्वार दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर खाई में झाड़ियों के बीच गिरा संकेतक

वर्ष 2023 की अतिवृष्टि के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया था। हाईवे पर बीस से अधिक डेंजर जोन बन गए थे। साथ ही कई स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा खोह नदी में समा गया था। ऐसे में कुछ माह पूर्व ही राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने धरासाई हुए पुश्तों की मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया। साथ ही दो वर्षों से आमसौड़ के समीप क्षतिग्रस्त पुलिया की भी मरम्मत करवाई गई। लेकिन, अब भी हाईवे पर दस से अधिक डेंजर जोन बने हुए हैं। कई स्थानों पर वर्षा थमने के बाद भी पहाड़ी से पत्थर गिरने का डर बना हुआ है। ऐसे में होना तो यह चाहिए था कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग डेंजर स्थानों के समीप सड़क पर संकेतक व पैराफिट लगाता। लेकिन, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने इसकी कोई सुध नहीं ली। नतीजा, हाईवे से आवागमन करने वालों को आगे आने वाले डेंजर जोन का पता नहीं चल पता। जिसके कारण हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। कई वर्ष पूर्व लगाए गए संकेतक भी सड़क किनारे झाड़ियों में टूटकर गिरे हुए हैं। सिस्टम ने इन्हें दोबारा खड़ा करने की सुध नहीं ली।

### अब तक हुए हादसे

1. 23 नवंबर को कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य आमसौड़ के समीप एक डंपर खाई में गिर गया था। जिसमें, चालक की मौत हो गई थी
2. चार अगस्त को कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य तिलबाढांग के समीप पहाड़ी से एक बोल्डर मैक्स के ऊपर गिर गया था। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, हादसे के बाद सिस्टम ने उक्त स्थान पर पहाड़ी से पत्थर गिरने का संकेतक लगा दिया था।
3. गत वर्ष जून माह में ही आमसौड़ के समीप सड़क किनारे खड़े एक डंपर के ऊपर पहाड़ी से पत्थर गिर गया था। जिसमें डंपर में सवार व्यक्ति की मौत हो गई थी।
4. गत वर्ष लालपुल के समीप एक कार अनियंत्रित होकर खोह नदी में गिर गई थी, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई थी।
5. दुगड्डा के समीप एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी, जिसमें नगीना तहसील में तैनात लेखपाल सहित दो युवकों की मौत हो गई थी।

# छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन



कोटद्वार के आर्य कन्या इंटर कालेज में शिविर के शुभारंभ पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : आर्य कन्या इंटर कॉलेज कोटद्वार में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सामाजिक बुराईयों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का भी संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ पार्षद प्रवेंद्र सिंह रावत, आर्य समाज के पुरोहित नितिन शास्त्री ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने छात्राओं को नशे के प्रति जागरूक किया। कहा कि समाज में नशे का प्रचलन तेजी से बढ़ता जा रहा है। इस बुराई पर लगाम लगाने के लिए छोटे से बड़े लोगों को धरातल पर कार्य करना होगा। इस दौरान छात्राओं ने गढ़वाल-कुमाऊनी सहित अन्य गीतों पर नृत्य की भी प्रस्तुति दी। बालिकाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभारी प्रधानाचार्य पुष्पा बलोदी, कार्यक्रम अधिकारी विजय लक्ष्मी, सरोज रावत ने कहा कि एनएसएस शिविर के दौरान छात्राओं को समाज से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी।

# पुलिस ने कसी कमर, वाहनों की ली तलाशी



कोटद्वार का कौड़िया चैक पोस्ट पर वाहनों की तलाशी लेती पुलिस

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : नए साल पर कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस टीम ने कौड़िया चैक पोस्ट पर वाहन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान रेस्टोरेंट व होटल संचालकों को भी नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई। कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

किसी भी तरह की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। दरअसल, नए साल का उत्साह मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग मैदान से पहाड़ी क्षेत्रों में घूमने के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस ने भी सख्ती दिखाना शुरु कर दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी के नेतृत्व में टीम ने कौड़िया चैक पोस्ट पर उत्तर प्रदेश की ओर से आने वाले वाहनों की तलाशी ली। संदिग्ध नजर आने वाले व्यक्तियों के आधार कार्ड भी चेक किए गए। इसके उपरांत पुलिस टीम ने क्षेत्र के होटल व रेस्टोरेंट में भी अभियान चलाया। होटल संचालकों को बिना पहचान पत्र किसी भी व्यक्ति को कमरा न देने की चेतावनी दी गई। कहा कि किसी भी तरह की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। वहीं, होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को रात दस बजे के बाद डीजे नहीं बजाने की भी चेतावनी दी गई। कहा कि शिकायत मिलने पर संबंधित होटल स्वामी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की

वहीं, नव वर्ष पर यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए पुलिस ने रूट में बदलाव किया हुआ है। जिसके तहत कौड़िया से दुगड्डा की ओर जाने वाले भारी वाहनों का संचालन बालासौड़, घराट, महाविद्यालय रोड से किया जाएगा। सिद्धबली मंदिर को आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन भी इसी रूट से संचालित होंगे।

### खेल महाकुंभ दो जनवरी से

श्रीनगर गढ़वाल : विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग की खेल महाकुंभ की प्रतियोगिताएं 2 जनवरी से 4 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संजय लिंगवाल ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं 2 जनवरी से 4 जनवरी तक गढ़वाल विवि के चौरास परिसर स्थित स्टेडियम में होंगी। इन प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों का चयन सांसद खेल प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। लिंगवाल ने बताया कि खेल महाकुंभ में विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग की 16 न्याय पंचायतों के विजेता प्रतिभागी करेंगे। दो जनवरी को अंडर-14 के बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी। 3 जनवरी को अंडर-19 की सभी प्रतियोगिताएं होंगी।

### कबड्डी में हिंडोलाखाल, आमणी रहे विजेता

श्रीनगर गढ़वाल : जीआईसी महड़ जाली के खेल मैदान में न्याय पंचायत आमणी का खेल महाकुंभ आयोजित हुआ। अंडर-14 बालक वर्ग कबड्डी में हिंडोलाखाल की टीम ने प्रथम व जेपी अकादमी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 बालिका वर्ग कबड्डी में आमणी विजेता, जबकि हिंडोलाखाल उपविजेता रहा। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में बालकों की 5 हजार मीटर दौड़ में शुभम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि गोला फेंक प्रतियोगिता में चिंतपूरणी ने बाज़ी मारी। टीम स्पर्धाओं में बालिका वर्ग खो-खो में राजकीय इंटर कालेज महड़ जाल व बालक वर्ग खो-खो में राजकीय इंटर कालेज पलेठी डोब्लयों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि 2 जनवरी से विधानसभा स्तर के खेल महाकुंभ का आयोजन राजकीय इंटर कालेज किलकिलेश्वर, चौरास में किया जाएगा जिसमें न्याय पंचायत स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। (एजेंसी)


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनायें





निवेदकः-
भगवान गुसांई
युवा कल्याण अधिकारी विकासखंड पोखड़ा, पौड़ी गढ़वाल

गढ़वाल जीप टैक्सी समिति कोटद्वार
की ओर से आप सभी प्रदेशवासियों, वाहन स्वामी, वाहन चालकों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं।



अध्यक्ष
अमरदीप सिंह रावत
मो० 9756505735



उपाध्यक्ष
मनोज पटवाल
मो० 9690538050



सचिव
अविनाश सिंह रावत
मो० 9927094056



कोषाध्यक्ष
दीना मोहम्मद
मो० 9927094056

आप सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष २०२६,
मकर संक्रान्ति की शुभकामनाएं
आप सभी के जीवन में नववर्ष मंगलमय हो।
HAPPY NEW YEAR



अमरदीप सिंह रावत
अध्यक्ष
गढ़वाल जीप टैक्सी समिति कोटद्वार
मो0 9756505735

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया वार्षिकोत्सव


श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी के वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देती छात्राएं।

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में वार्षिकोत्सव में में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी, राजस्थानी गीतों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री सिद्धबली मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. जगदम्बा प्रसाद ध्यानी, डॉ. विकास थलेड़ी, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अजय पंत, रविन्द्र जजेड़ी, शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष ललिता प्रसाद घिल्डियाल, पार्षद अनिल रावत, पार्षद संजय भंडारी, प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. ध्यानी ने कहा कि बच्चों को किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए लगनशील और परिश्रमी होना चाहिए। कहा कि छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही विद्यालय के विकास में भी योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी, पंजाबी गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मातृशक्ति पर आधारित नृत्य नाटिका में कन्या भ्रूण हत्या से लेकर महिलाओं के योगदान को दर्शाया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मीना थलेड़ी और छात्रा जानवी रावत, दिव्यांशी रावत ने किया। इस दौरान शिक्षिका मीना थलेड़ी ने वर्ष भर की विद्यालय की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# ज्योति चंद्रा ने जीता मिस कोटद्वार का खिताब


मिस कोटद्वार का खिताब जीतने वाली ज्योति चंद्र को सम्मानित करते महापौर

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : तीन दिवसीय रोटरी क्लब स्वर्ण जयंती नव वर्ष मेले का धूमधाम के साथ समापन हो गया। मेले के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान बलूनी पब्लिक स्कूल की शिक्षिका ज्योति चंद्रा को मिस कोटद्वार का खिताब दिया गया।

देवी रोड में आयोजित मेले के अंतिम दिन का शुभारंभ नगर निगम महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक, कलात्मक व शैक्षणिक प्रतियोगिताए बच्चों के अन्दर प्रतिस्पर्धात्मक भावना जागृत करती है। रोटरी क्लब कोटद्वार के अध्यक्ष ऋषि ऐरन व विजय कुमार ने कहा कि मेले के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। लोकनृत्य प्रतियोगिता प्राइमरी वर्ग में आरूष, अविका, ऐश्वर्या, जूनियर वर्ग में अवनी रावत, आर्वी नेगी, अनन्या शर्मा, सीनियर वर्ग में राधिका नेगी, अनन्या अग्रवाल, अंशिका रावत, ओपन वर्ग में शिवम पटवाल, मोहना रावत, सोफिया प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। प्रतियोगिता में मिस कोटद्वार प्रतियोगिता का खिताब ज्योति चंद्र को दिया गया। इस मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष धनेश अग्रवाल, मेला संयोजक अभय रावत, उपाध्यक्ष डीपी सिंह, उपसचिव बीना रावत, अनीत चावला, सचिन गोयल, वाईपी गिलरा, विपिन बख्शी, विजय कुमार माहेश्वरी, गोपाल बसंल, अमित अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, दिनेश चन्द्र, नरेन्द्र गोयल, अनुराग अग्रवाल, दिनेश रस्तोगी, संजीव अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, कमल गुप्ता, अनिल कुमार भोला, शरतचन्द गुप्ता, प्रवीण गोयल, सन्देश अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, दीपक भाटिया, धीरजधर बछवाण, गुरबचन सिंह, ज्योति स्वरूप उपाध्याय, प्रतिभा गुप्ता, भुवनेश कुंज, डा. विजय मैठानी, राजेश गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, गोपाल बंसल आदि मौजूद रहे।


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनायें





निवेदक:-
टीकाराम कोटियाल
खण्ड विकास अधिकारी थलीसैंण


# दौड़ प्रतियोगिता में सूरज व राहुल रहे अव्वल


राजकीय इंटर कालेज बल्ली में आयाजित खेल प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस दौरान दौड़ प्रतियोगिता में सूरज व अदिति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के उपरांत अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ ज्येष्ठ उप प्रमुख सुनील नेगी व प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अंडर-14 बालक वर्ग 60 मीटर दौड़ में सूरज, अभिनव, प्रियांशु, छः सौ मीटर दौड़ में राहुल, असद, अहमद ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 बालिका वर्ग 60 मीटर दौड़ में अदिति, निधि, कीर्ति, छः सौ मीटर दौड़ में अदिति, अंकिता, मेघा ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग सौ मीटर दौड़ में हैप्पी सिंह, अभिषेक, हितेश, दो सौ मीटर दौड़ में हैप्पी सिंह, गणेश सिंह, रौनक प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। बालिका वर्ग में अंबिका प्रथम, दीपा द्वितीय व साक्षी तृतीय रही। इस मौके पर पीटीए अध्यक्ष सुभा देवी, सुषमा देवी आदि मौजूद रहे।

## कुलपति अज्ञात खिलाफ दी तहरीर

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह को अज्ञात व्यक्ति की ओर से फोन पर परेशान करने का मामला सामने आया है। आरोपी खुद को साइबर सेल से बताकर लगातार फोन कर रहा है। अब कुलसचिव प्रो. आरके ढोड़ी ने श्रीनगर कोतवाली में इस बाबत तहरीर दी। तहरीर में उन्होंने बताया कि बीते कई दिनों से कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह को एक व्यक्ति अलग-अलग नंबरों से फोन कर मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। फोन करने वाला व्यक्ति साइबर सेल का हवाला देकर कुलपति पर अनावश्यक दबाव बना रहा है।


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनायें




निवेदक:-
दिनेश चौहान
युवा कल्याण अधिकारी
विकासखंड थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल


# अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए निकाला कैंडल मार्च



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के गांवों में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकला गया है। विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम पंचायत घंडियाल बाजार में बुधवार देर सायं 6 बजे ठंड के बावजूद नन्हें-नन्हें बच्चों ने सड़कों पर कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान अंकिता को न्याय दो के नारे लगे रहे थे। कैंडल मार्च में घंडियाल, कांसखेत, बनेख क्षेत्र से भी युवा शामिल हुए। कैंडल मार्च युवा संगठन समिति घंडियाल के युवाओं के आह्वान पर निकाला गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान श्रीमती अनीता देवी, युवा संगठन समिति घंडियाल अध्यक्ष अजय मोहन नेगी, अधिवक्ता नितिन रावत, सोशल एक्टिविस्ट विवेक रावत, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ सिंह रावत, घंडियाल बाजार के व्यापारी मौजूद रहे।

## पेयजल आपूर्ति न होने से लोग परेशान

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीकोट गंगानाली के तोलियासैंण वार्ड छः क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पर्याप्त न होने से स्थानीय लोग परेशान हैं।

क्षेत्रवासियों ने जल संस्थान के सहायक अभियंता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए व्यवस्था सुधारने की मांग की।

# बहुउद्देशीय शिविर में 49 शिकायतें दर्ज

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार के तहत न्याय पंचायत रोहिड़ा में बहुउद्देशीय शिविर का उप जिलाधिकारी सोहन सिंह रांगड़ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस दौरान यहां ग्रामीणों को ओर से 49 शिकायतें दर्ज की गई। यहां ग्रामीणों की ओर से दर्ज अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, बाल विकास विभाग सही अन्य विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के माननीय उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, जिला महामंत्री अरुण मैठाणी, संजय रावत, जिला पंचायत सदस्य सुरेश कुमार बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख संतोषी देवी आदि मौजूद थे।


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026 एवं मकर संक्राति, गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

DR. SUFIYAN'S
EYE CENTRE, KOTDWAR
A UNIT OF DR. KAMAAL'S EYE HOSPITAL, DHAMPUR

कोटद्वार का सबसे अत्याधुनिक मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर

OPTICAL BIOMETER | OCT 3D MAESTRO - पर्दे का सीटी स्कैन



मोतियाबिन्द सर्जरी के बाद चश्में से आज़ादी

Because your eyes deserve the best.

परामर्श शुल्क : Rs. 200/-

Dr. Sufiyan Ahmad
M.B.B.S. (LKO)
D.O.M.S. (R.I.O. SITAPUR)
एक्स कन्संलटेंट :
सीतापुर आई हॉस्पिटल, कोटद्वार
रजि. नं0 UKMCI 9195
ऑफ्थैमोलॉजिस्ट

मिलें प्रत्येक बृहस्पतिवार

सुविधायें
- आँखों की सम्पूर्ण जाँच
- कम्प्यूटरीकृत चश्में के नम्बर की जाँच
- आँख के पर्दो का निरीक्षण व उपचार
- काला मोतिया का उपचार एवं ऑप्रेशन
- प्रीमियम IOL - Toric, Multifocal का एक मात्र सेंटर




थाना कोतवाली के सामने, निकट नगर निगम, GMOU कॉम्पलैक्स
बद्रीनाथ मार्ग, कोटद्वार

मो०: 7906019025


# पीपलकोटी टीएचडीसी साइट दुर्घटना के मजिस्ट्रेटीय जांच के आदेश



**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली** : जिलाधिकारी गौरव कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने पीपलकोटी स्थित निर्माणाधीन टीएचडीसी विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की टीबीएम साइट पर घटित घटना के उपरांत मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने टीएचडीसी एवं एचसीसी के अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने टीएचडीसी के अधिकारियों के साथ सुरंग के भीतर घटनास्थल का भी निरीक्षण किया और लोको ट्रेनों की आपसी टक्कर की मजिस्ट्रेटीय जांच के आदेश दिये। साथ ही महाप्रबंधक टीएचडीसी को श्रमिकों की सुरक्षा हेतु आवश्यक तकनीकी एवं मानवीय सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

जिलाधिकारी ने कार्यस्थल पर श्रमिकों की एंट्री एवं एग्जिट रजिस्टर का भी निरीक्षण किया और उसे अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि बीती रात शिफ्ट परिवर्तन के दौरान सुरंग के भीतर श्रमिकों को लाने-ले जाने वाली दो लोको ट्रेनों की आपस में टक्कर हो गई थी। उस समय सुरंग के भीतर कुल 109 श्रमिक मौजूद थे। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं परियोजना प्रबंधन द्वारा त्वरित राहत एवं बचाव कार्य किया गया।

## जनप्रतिनिधियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

श्रीनगर गढ़वाल : पंचायती राज विभाग एवं नवज्योति जन कल्याण समिति कांडीखाल की ओर से देवप्रयाग ब्लॉक की प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर नवनिर्वाचित प्रधानों एवं वार्ड सदस्यों का हिंडोलाखाल ब्लॉक सभागार में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष परशुराम डोभाल ने बताया, पंचायत राज विभाग की ओर से चयनित मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित प्रशिक्षकों ने पंचायतों के सतत विकास प्रतिनिधियों को क्षमता विकास ग्राम स्वराज, यूसीसी एवं वित्तीय प्रबंधन संबंधी जानकारी दी।


उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या: M-15-CAMC-HRE-MB-RAC-15 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद होने की तिथि व समय: 21.01.2026 को 15:00 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी & डब्लू | टेंडर सं. | M-15-CAMC-HRE-MB-RAC-15 |
| कार्य का नाम | "Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) of HRE/MFD aLART/MB and ART/RAC of Moradabad Division for three years" with OEM or their authorized agent on Single Tender Basis | | |
| निविदा टाइप | एकल | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 21.01.2026, 15:00 बजे | | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | 34,75,689.81/- रुपये | ऑफर की वैधता | 45 दिन |

सं: M-15-CAMC-HRE-MB/RAC-25 दिनांक: 31.12.2025 4040/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



जयन्त

संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com